भारत सरकार
गृह मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3684
दिनांक 09.08.2016/18 श्रावण, 1938 (शक) को उत्तर के लिए

कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक

†3684. श्री वीरेन्द्र कश्यपः

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विभिन्न मंत्रालयों/विभागों में राजभाषा विभाग के नियंत्रण में कनिष्ठ हिन्दी अनुवादकों के कई पद रिक्त पड़े हैं;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) कार्यालयी कामों में हिन्दी को प्रोत्साहन देने के लिए सरकार द्वारा इन पदों को भरने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (**श्री किरेन रिजिजू**)

(क): जी, हां।

(ख): केन्द्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग में वर्ष 2015 के लिए भरे जाने हेतु विभिन्न मंत्रालयों/विभागों में कनिष्ठ हिंदी अनुवादकों के 31 पद रिक्त हैं।

(ग): कनिष्ठ हिंदी अनुवादकों के इन रिक्त पदों को भरने के लिए दिनांक 19.06.2016 को कर्मचारी चयन आयोग द्वारा परीक्षा आयोजित की जा चुकी है। इसके परिणाम की प्रतीक्षा है।